NBT
नवभारत टाइम्स

# एक करोड़ का 200 कुंटल नकली जीरा बरामद, 7 अरेस्ट

**महाराजगंज कस्बे में व्यापारियों के यहां छापा मारकर पुलिस ने 200 कुंटल नकली जीरा बरामद किया है, जिसकी कीमत बाजार में एक करोड़ से अधिक बतायी जा रही है। ...**

Navbharat Times | Updated: 10 Dec 2019, 06:30:00 AM IST

एनबीटी,रायबरेली: महाराजगंज कस्बे में व्यापारियों के यहां छापा मारकर पुलिस ने 200 कुंटल नकली जीरा बरामद किया है, जिसकी कीमत बाजार में एक करोड़ से अधिक बतायी जा रही है। सीओ विनीत सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बाजार में भारी पैमाने पर नकली जीरा बेचा जा रहा है, जिसके बाद पुलिस ने छापा मारा तो सात व्यापारियों की दुकान में नकली जीरा रखा मिला। नकली जीरे के कारोबार से जुड़े प्रशान्त साहू, कमलेश मौर्य, पंकज वर्मा, इन्द्रजीत, पवन गुप्ता, बाबू और छोटेलाल के यहां से 200 कुंटल से अधिक नकली जीरा बरामद होने के बाद सातों को अरेस्ट कर लिया है। इन सभी पर खाद्य विभाग की तरफ से एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

**Source:** https://navbharattimes.indiatimes.com/metro/lucknow/other-news/200-quintals-of-fake-cumin-seeds-recovered-7-arrests/articleshow/72448270.cms